आकाशवाणी केन्द्र शिमला

14.05.2025 / प्रादेशिक समाचार / 9:20बजे

प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पाकिस्तान को कड़ा संदेश देते हुए कहा है कि पाकिस्तान में अब कोई ऐसी जगह नहीं बची है, जहां आतंकवादी चैन की सांस ले सकें। उन्होंने कहा कि भारत के पास आतंकवादियों को उनके घर में घुसकर खत्म करने की क्षमता है। मोदी ने यह बात पंजाब के आदमपुर वायुसेना स्टेशन पर वायु सेना के जवानों को संबोधित करते हुए कही। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता की सराहना करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यह भारत की नीति, नीयत और निर्णायक क्षमता की जीत है। प्रधानमंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान देश की रक्षा करने वाले सशस्त्र बलों के साहस, वीरता और कार्यकुशलता की सराहना की।

भाजपा– तिरंगा यात्रा

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद भाजपा ने देशभर में 11 दिन का राष्ट्रव्यापी संपर्क अभियान शुरू किया है। तिरंगा यात्रा के नाम से यह अभियान पाकिस्तान के खिलाफ भारतीय सेना की सफलता को लोगों तक पहुंचाएगा। प्रदेश में भी इस यात्रा को लेकर पार्टी ने कार्यक्रम तय किए हैं। आज शिमला में तिरंगा यात्रा के तहत कार्यक्रम आयोजित होगा। इसी कड़ी में भाजपा सीटीयू चौक से लोअर बाजार होते हुए नाज चौक तक तिरंगा यात्रा निकालेगी। कल 15 मई को धर्मशाला में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाएगा, जिसमें समाज का हर वर्ग, विभिन्न एनजीओ, पूर्व सैनिक व युवा वर्ग भाग लेंगे। ये तिरंगा यात्रा 23 मई तक चलेगी और इस दौरान राष्ट्र प्रेम व एकता का संदेश दिया जाएगा।

प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष वंदना योगी ने बताया कि ये तिरंगा यात्रा भारतीय सेना की वीरता व शौर्य को समर्पित होगी। उन्होंने कहा कि ये तिरंगा यात्रा देश के गौरव के साथ जुड़ी है और उन्होंने समाज के सभी वर्गों से यात्रा में बढ़चढ़ कर भाग लेने की अपील की है।

शपथ

न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई आज भारत के 52वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ लेंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज राष्ट्रपति भवन में आयोजित विशेष समारोह में उन्हें शपथ दिलाएंगी। न्यायमूर्ति बी.आर. गवई मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना का स्थान लेंगे जो कल सेवानिवृत्त हो गए।

## प्राकृतिक खेती

प्राकृतिक खेती से तैयार विभिन्न फसलों के लिए प्रदेश सरकार ने अलग से न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित किए हैं, जिससे किसानों की आय में काफी वृद्धि होने की उम्मीद है। इसी कड़ी में हमीरपुर जिला में भी कल से गेहूं और हल्दी की खरीद शुरू की जा रही है। गेहूं की खरीद हिमाचल प्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति निगम द्वारा कृषि विभाग की आतमा परियोजना के सहयोग से की जा रही है। जिला परियोजना निदेशक नितिन कुमार शर्मा ने बताया कि इच्छुक किसान गेहूं को 15 से 25 मई तक निगम के गोदाम में बेच सकते हैं। उन्होंने बताया कि इन फसलों की बिक्री के संबंध में अधिक जानकारी के लिए खंड और सहायक तकनीकी प्रबंधक से भी संपर्क कर सकते है। उन्होंने जिला के किसानों से इस खरीद कार्यक्रम का लाभ उठाने की अपील की है।

## आयुर्वेद दिवस

केन्द्र सरकार ने हर वर्ष 23 सितंबर को आयुर्वेद दिवस मनाने की तिथि निर्धारित की है। आयुष मंत्रालय ने बताया कि राजपत्र अधिसूचना द्वारा इसे अधिसूचित कर दिया गया है। पहले धनतेरस पर आयुर्वेद दिवस मनाया जाता था। मंत्रालय ने कहा कि आने वाले दशक में, धनतेरस की तारीख 15 अक्टूबर और 12 नवंबर के बीच पड़ती रहेगी, जिससे राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय आयोजनों में दिक्कतें आएंगी। आयुर्वेद को वैज्ञानिक, साक्ष्य–आधारित और समग्र चिकित्सा पद्धति के रूप में बढ़ावा देने के लिए हर साल आयुर्वेद दिवस मनाया जाता है। मंत्रालय ने लोगों, स्वास्थ्य कर्मियों, शैक्षणिक निकायों और अंतर्राष्ट्रीय सहयोगियों से 23 सितंबर को आयुर्वेद दिवस समारोह में भाग लेने का आह्वान किया है।

## अब सुर्खियां समाचार पत्रों से......

आज अधिकांश समाचार पत्रों ने सीबीएसई बोर्ड द्वारा घोषित किए गए परीक्षा परिणाम से जुड़ी खबर को प्रमुखता दी है। अमर उजाला की सुर्खी है दसवीं और बारहवीं के नतीजों में बेटियां चमकीं, चंडीगढ़, पंजाब व हरियाणा से आगे हिमाचल। दैनिक जागरण का शीर्षक है हिमाचल का 10वीं व जमा दो का परिणाम राष्ट्रीय औसत से बेहतर।

दिव्य हिमाचल की एक खबर है कल आएगा हिमाचल बोर्ड का जमा दो का रिजल्ट।

पंजाब केसरी की एक सुर्खी है सिर्फ एमबीबीएस डॉक्टरों को अध्ययन अवकाश पर मिलेगा पूरा वेतन ।

6 दिन बाद शिमला–दिल्ली हवाई सेवा शुरू, अमृतसर की फ्लाइट अभी कैंसिल शीर्षक से दैनिक भास्कर लिखता है 23 यात्रियों को लेकर दिल्ली से जुब्बड़हट्टी पहुंचा विमान।

इसी के साथ ये समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ। हमारा अगला बुलेटिन आप सुन सकते हैं सुबह 11 बजे।